Phone : 2471101(O), Fax : 0294-2470682, M-9414166961 Email: vc_mpuat@yahoo.co.in
Maharana Pratap University of Agriculture and Technology
University Campus, Udaipur – 313 001
महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
विश्वविद्यालय परिसर, उदयपुर – 313 001

Dr. Narendra Singh Rathore
Vice-Chancellor

No. F. /PS/VC/MPUAT/2020/ Spl/08 Date- 14.04.2020

प्रिय विद्यार्थियों,

हम सभी को विदित है कि कोरोना विश्वमहामारी (कोविड–19) का संक्रमण कम करने तथा इस महामारी से मुक्त करने के लिए देश में लॉकडाउन जारी है तथा सभी स्कूल एवं कॉलेज बंद है। ऐसी विकट परिस्थिति में मेरा आप सभी से धैर्य बनाए रखने तथा घर पर ही रहते हुए समय का सदुपयोग करने का आह्वान हैं। आप सभी से अनुरोध है कि सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों व परामर्श का अनुसरण करते हुए अपने व अपने परिवार का ध्यान रखें। इस सम्बन्ध में, मैं आप सभी का ध्यान निम्न बिंदुओं की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ–

1. **लॉकडाउन नियमों की सम्पूर्ण पालना करें।**
2. **आरोग्य सेतु एप को डाउनलोड करें। यह एप कोरोना वायरस संक्रमण के खतरों और जोखिम का आकलन करने में मदद करता है।**
3. **विश्वविद्यालय हेल्पलाइन (mpuathelpline@gmail.com) या विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिकारी से सम्पर्क कर कोविड–19 से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है।**
4. **लॉकडाउन की अवधि में आपके शिक्षकों द्वारा विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक विधियों से पाठ्यक्रम को पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है। वे जूम, गूगल क्लासेज, वाट्सएप, डुओ व अन्य प्लेटफॉर्म्स से शिक्षण कार्य संपादित कर रहे हैं। आपसे अपेक्षित है कि आप ई–शिक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। ई–शिक्षण के माध्यम से हम मई माह के मध्य तक सिलेबस अनुसार प्रत्येक कोर्स को पूर्ण करेंगे तथा जून माह के प्रथम पखवाड़े में विश्वविद्यालय की परीक्षाएँ आयोजित की जाएगी, अतः इस हेतु आप अपनी तैयारी रखें। ई–शिक्षण के अतिरिक्त आप संबंधित अध्यापक से टेलीफोन पर वार्ता कर अपनी शंकाएँ (doubts) दूर कर सकते हैं। इस प्रकार हम वर्तमान सेमेस्टर को बिना किसी नुकसान के समय पर पूर्ण कर सकेंगे।**

इस कार्य हेतु मैं आप सभी विद्यार्थियों से सहयोग की अपील करता हूँ। इस समय आप धैर्यपूर्वक उपरोक्तानुसार अध्ययन करे तथा अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखे। मुझे विश्वास है कि आप ऊर्जा एवं उत्साह से ओतप्रोत हो अधिक जोश व जूनून से अपनी मंजिल पाने के लिए जुट जाएँगे।

आपके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं सहित।

(कुलपति)

प्रतिलिपि सूचनार्थः–

1. कुल सचिव, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर।
2. समस्त महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं को प्रेषित कर लेख है कि उक्त पत्र आपके महाविद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थी के माता–पिता/अभिभावक को ई–मेल/एस.एम.एस. द्वारा प्रेषित करें।
3. प्रभारी अधिकारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट, म.प्र. कृषि एवं प्रौ. विश्वविद्यालय, उदयपुर।

(कुलपति)